कार्यालयःकृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण(आत्मा), सारण, छपरा

संयुक्त कृषि भवन, बाजार समिति,छपरा,सारण–841302
email-mpsingh.pd.chapra@gmail.com | atmasaranbih@gmail.com | Phone-06152-295195 | www.atmasaran.org.in

पत्रांक....633.../आत्मा,सारण/ दिनांक....21/10/2026

प्रेषक,

जिला कृषि पदाधिकारी,
–सह–
परियोजना निदेशक,
आत्मा, सारण।

सेवा में,

सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी,
सभी प्रखंड तकनीकी प्रबंधक/प्रभारी प्रखंड तकनीकी प्रबंधक,
सभी सहायक तकनीकी प्रबंधक,
सारण, छपरा।

विषयः– वासंतिक (रबी) महाभियान–2026 अंतर्गत दिनांक–26.10.2026 से 30.11.2026 के बीच कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–खेत बचाओं अभियान–2026 आयोजन की तिथि संशोधन के संबंध में।

प्रसंगः– निदेशक, बामेती, बिहार पटना के पत्रांक–211/चौपाल/बामेती/2026/2490 दिनांक–19.10.2026 एवं अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय पत्रांक–631 दिनांक–16.10.2026

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में सूचित करना है कि दिनांक–26.10.2026 से दिनांक–30.11.2026 तक ''खेत बचाओं अभियान'' का आयोजन का करने का निदेश प्राप्त हुआ है। तद्‌लोक में अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय पत्रांक–631 दिनांक–16.10.2026 में आंशिक संशोधन करते हुए पंचायतवार विवरणी एवं आयोजन मार्गदर्शिका पत्र के साथ संलग्न कर भेजी जा रही है।

अतः निदेश दिया जाता है कि निर्धारित तिथि को कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–खेत बचाओं अभियान–2026 का आयोजन करते हुए GPS फोटोग्राफ, किसानों की सूची एवं अभिश्रव ससमय कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

अनुलग्नकः–यथोक्त।

विश्वासभाजन
21.10.26
जिला कृषि पदाधिकारी
–सह–
परियोजना निदेशक
आत्मा, सारण।

ज्ञापांक....633.../आत्मा/सारण, दिनांक....21/10/2026

प्रतिलिपिः– सभी प्रतिनियुक्त प्रखंडस्तरीय नोडल पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपिः– सभी जिलास्तरीय नोडल पदाधिकारी को सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपिः– संयुक्त निदेशक (शष्य), सारण प्रमण्डल, छपरा को सादर सूचनार्थ समर्पित।
प्रतिलिपिः– निदेशक, बामेती, बिहार पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

21.10.26
जिला कृषि पदाधिकारी
–सह–
परियोजना निदेशक
आत्मा, सारण।

Jamuna
21/10/26

Scanned with OKEN Scanner

बिहार कृषि प्रबंधन एवं प्रसार प्रशिक्षण संस्थान (बामेती)

महिला पॉलिटेकनिक कॉलेज के सामने, जगदेव पथ–फुलवारी रोड, पो.ऑ. बी0पी0 कॉलेज, पटना 800 014

Website: www.bameti.org email : bameti.bihar@gmail.com

पत्रांक: 211 / चौपाल / बामेती / 2026 / 2417 दिनांक: 10/10/2026

प्रेषक,

पवन कुमार
निदेशक, बामेती, बिहार।

सेवा में,

सभी जिला कृषि पदाधिकारी –सह–
परियोजना निदेशक, आत्मा

विषय–वासंतिक (रबी) महाभियान–2026 अंतर्गत दिनांक 22.10.2026 से 30.11.2026 के बीच कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–खेत बचाओ अभियान–2026 के आयोजन के संबंध में।

प्रसंग–कृषि विभाग, बिहार सरकार का पत्रांक 2344 दिनांक 05.10.2026

महाशय,

उपर्युक्त विषय एवं प्रसंग के संबंध में सूचित करना है कि **दिनांक 22.10.2026 से 30.11.2026** के बीच राज्य के सभी 8051 ग्राम पंचायतों में वासंतिक (रबी) मौसम में कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–खेत बचाओ अभियान–2026 का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में वैज्ञानिक / विशेषज्ञ / प्रसार पदाधिकारी / प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, कृषि समन्वयक, सहायक तकनीकी प्रबंधक तथा किसान सलाहकार भाग लेंगे। इस कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को कृषि संबंधी तकनीकी प्रशिक्षण देते हुए कृषि विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों का किसानों के बीच प्रचार–प्रसार एवं जागरूकता कराया जाना है। कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–खेत बचाओ अभियान का व्यय आत्मा योजना अंतर्गत कैफेटेरिया ऑफ एक्टिविटी B-2c मद (जिला के अंदर प्रशिक्षण) से किया जाएगा।

आत्मा योजना अंतर्गत आयोजित किए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रमुख राष्ट्रीय विषयों यथा फसल विविधिकरण, डिजिटल एग्रीकल्चर, हाई वेल्यू एग्रीकल्चर, प्राकृतिक खेती, दलहनी एवं तेलहनी फसल, उर्वरक के संतुलित उपयोग, मृदा स्वास्थ्य, उद्यानिक फसल, समेकित कृषि प्रणाली एवं यांत्रिकरण आदि को प्राथमिकता के रूप में सम्मिलित कर कार्यक्रमो को आयोजित किया जाना है।

कृषि की उन्नत तकनीकी किसानों को हस्तानांतरित करने के लिए कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि प्रसार पदाधिकारियों / कर्मियों को संयुक्त रूप से गाँव में जाकर किसानों के बीच प्रचार–प्रसार एवं जागरूकता किये जाने तथा नवीनतम तकनीकी के प्रयोग के बारे में बताने की आवश्यकता है। कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–खेत बचाओ अभियान कार्यक्रम के माध्यम से कृषि विभाग द्वारा संचालित होने वाली विभिन्न योजनाओं के संबंध में किसानों को जानकारी दिया जाना है।

इस प्रकार से कृषि विश्वविद्यालय / महाविद्यालय / उद्यान महाविद्यालय एवं कृषि विज्ञान केन्द्रों के वैज्ञानिकों / विशेषज्ञों, कृषि विभाग के प्रसार पदाधिकारियों / कर्मियों एवं किसानों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाएगा। फसल अवशेष जलाने से मिट्टी के पोषक तत्वों की क्षति होने के साथ–साथ मिट्टी में कार्बनिक पदार्थों की भी क्षति होती है। जमीन में पाये जाने वाले लाभकारी सूक्ष्म जीवाणु समाप्त हो जाते हैं। फसल अवशेष जलाने से हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होता है। इसके जलाने से एरोसॉल के कण निकलते हैं जो हवा को प्रदूषित करते हैं। फसल अवशेष को न जलाने तथा इसके प्रबंधन से संबंधित यंत्रों के प्रयोग के बारे में किसानों को बताया जाएगा।साथ ही साथ वासंतिक (रबी) कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–खेत बचाओ अभियान में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, भारत सरकार द्वारा दिनांक 22 अक्टूबर से 30 नवम्बर, 2026 तक राष्ट्रव्यापी **"खेत बचाओ अभियान"** भी किया जाए। इस कार्यक्रम में उर्वरकों के विवेकपूर्ण उपयोग, प्राकृतिक खेती तथा अन्य सतत् कृषि उपायों के प्रति किसानों एवं नागरिकों में जागरूकता और जन भागीदारी बढ़ाना है।

कृषि की उन्नत तकनीकी किसानों को हस्तानांतरित करने के लिए कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि प्रसार पदाधिकारियों / कर्मियों को संयुक्त रूप से गाँव में जाकर किसानों के बीच प्रचार–प्रसार एवं जागरूकता किये जाने एवं नवीनतम तकनीकी के प्रयोग के बारे में बताया जाएगा जिससे किसान इसका अधिक–से–अधिक लाभ उठा सकें।

उपरोक्त के आलोक में वासंतिक (रबी) महाभियान–2026 अंतर्गत पंचायतवार कार्यक्रम का रूपरेखा तैयार कर कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–खेत बचाओ अभियान–2026 में किसानों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। कार्यक्रम की समाप्ति के उपरांत कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों / किसानों की संख्या एवं फोटोग्राफ MIS पोर्टल पर अपलोड करते हुए बामेती कार्यालय को प्रतिदिन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

विश्वासभाजन

अनुलग्नक – यथोक्त।

10.10.26

(पवन कुमार)
निदेशक, बामेती, बिहार।

Scanned with OKEN Scanner

बिहार कृषि प्रबंधन एवं प्रसार प्रशिक्षण संस्थान (बामेती)

महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज के सामने, जगदेव पथ-कुसवारी रोड, पी.ओ. बीएयू कॉलेज, पटना 800 014

Website: www.bameti.org email : bameti.bihar@gmail.com

ज्ञापांक : 211 / चौपाल / बामेती / 2026 / 2417 दिनांक: 10/10/2026

प्रतिलिपि–सभी जिला पदाधिकारी / प्रमंडलीय संयुक्त निदेशक (शाष्य) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

10.10.26

निदेशक, बामेती, बिहार।

ज्ञापांक : 211 / चौपाल / बामेती / 2026 / 2417 दिनांक: 10/10/2026

प्रतिलिपि–अपर निदेशक (शाष्य) / अपर निदेशक (रसायन) मिट्टी जाँच प्रयोगशाला / अपर निदेशक (कृषि अभियंत्रण) / अपर निदेशक, पौधा संरक्षण / अपर निदेशक (उद्यान) सभी क्षेत्रीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृषि विज्ञान केन्द्र / सभी उप परियोजना, निदेशक, आत्मा / उप निदेशक कृषि अभियंत्रण / सहायक निदेशक सभी जिला स्तरीय / अनुमंडल कृषि पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

10.10.26

निदेशक, बामेती, बिहार।

ज्ञापांक : 211 / चौपाल / बामेती / 2026 / 2417 दिनांक: 10/10/2026

प्रतिलिपि–निदेशक सहकारिता / राज्य परियोजना प्रबंधक, जीविका / निदेशक वन एवं पर्यावरण विभाग को सूचनार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि अपने स्तर से जिला से संबंधित पदाधिकारियों को कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–खेत बचाओ अभियान में भाग लेने एवं संबंधित विभाग की योजनाओं की जानकारी देने हेतु निदेशित करने की कृपा की जाए।

10.10.26

निदेशक, बामेती, बिहार।

ज्ञापांक : 211 / चौपाल / बामेती / 2026 / 2417 दिनांक: 10/10/2026

प्रतिलिपि–प्रधान सचिव, कृषि बिहार के प्रधान आप्त सचिव / विशेष सचिव–सह–राज्य नोडल पदाधिकारी, आत्मा योजना के आप्त सचिव / निदेशक, कृषि, बिहार, पटना के आप्त सचिव / निदेशक, उद्यान, बिहार, पटना / निदेशक, भूमि संरक्षण / निदेशक प्रसार शिक्षा, डा0रा0प्र0के0कृ0वि0, पूसा, समस्तीपुर / निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

10.10.26

निदेशक, बामेती, बिहार।

ज्ञापांक : 211 / चौपाल / बामेती / 2026 / 2417 दिनांक: 10/10/2026

प्रतिलिपि–कुलपति, डा0रा0प्र0के0कृ0वि0, पूसा, समस्तीपुर / कुलपति, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर / कुलपति, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्याल, पटना / निदेशक, आई0सी0ए0आर0–आर0सी0ई0आर0, पटना / निदेशक, अटारी, पटना को कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

10/10/2026

10.10.26

निदेशक, बामेती, बिहार।

Scanned with OKEN Scanner

वासंतिक (रबी) मौसम में कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–खेत बचाओ अभियान –2026

वित्तिय वर्ष 2026–27 में आत्मा योजना अंतर्गत कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–खेत बचाओ अभियान के कार्यान्वयन हेतु मार्गदर्शिका।

आत्मा योजना अंतर्गत कैफेटेरियॉ ऑफ एक्टिविटिज B-2c "जिला के अन्दर प्रशिक्षण" मद से कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–खेत बचाओ अभियान का कार्यान्वयन राज्य के सभी 38 जिलों के 8051 ग्राम पंचायतों में आयोजन किया जाना है।

1. कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–खेत बचाओ अभियान का परिचय एवं महत्व –

वासंतिक (रबी) मौसम में किसानों के बीच नवीनतम तकनीकी एवं कृषि विभाग के द्वारा संचालित सभी योजनाओं का प्रचार–प्रसार एवं जागरूकता हेतु राज्य के सभी जिलों के 8051 ग्राम पंचायतों में कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–खेत बचाओ अभियान का आयोजन किया जाएगा।

कृषि की उन्नत तकनीकी किसानों को हस्तानांतरित करने के लिए कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि प्रसार पदाधिकारियों/कर्मियों को संयुक्त रूप से गाँव में जाकर किसानों के बीच प्रचार–प्रसार एवं जागरूकता किये जाने तथा नवीनतम तकनीकी के प्रयोग के बारे में बताने की आवश्यकता है। कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–खेत बचाओ अभियान कार्यक्रम के माध्यम से कृषि विभाग द्वारा संचालित होने वाली विभिन्न योजनाओं के संबंध में किसानों को जानकारी दिया जाना है ताकि किसान इसका अधिक से अधिक लाभ उठा सकें। साथ ही कृषि विश्वविद्यालय/महाविद्यालय/उद्यान महाविद्यालय एवं कृषि विज्ञान केन्द्रों के वैज्ञानिकों/ विशेषज्ञों तथा कृषि विभाग के प्रसार पदाधिकारियों/कर्मियों द्वारा किसानों के स्थानीय समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–खेत बचाओ अभियान में कृषि विभाग अंतर्गत योजनाओं में विभिन्न फसलों, फल, फूल, सब्जी आदि से संबंधित क्लस्टर में खेती/उद्यमी/किसानों को योजनाओं एवं नवीनतम तकनीकी पर बल देते हुए फसलों की उत्पादकता में वृद्धि के साथ–साथ विपणन समस्याओं के समाधान कर उनकी आमदनी बढ़ाने का भी सुझाव दिया जाएगा।

इस प्रकार से कृषि विश्वविद्यालय/महाविद्यालय/उद्यान महाविद्यालय एवं कृषि विज्ञान केन्द्रों के वैज्ञानिकों/विशेषज्ञों, कृषि विभाग के प्रसार पदाधिकारियों/कर्मियों एवं किसानों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाएगा। फसल अवशेष जलाने से मिट्टी के पोषक तत्वों की क्षति होने के साथ–साथ मिट्टी में कार्बनिक पदार्थों की भी क्षति होती है। जमीन में पाये जाने वाले लाभकारी सूक्ष्म जीवाणु समाप्त हो जाते हैं। फसल अवशेष जलाने से हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होता है। इसके जलाने से एरोसॉल के कण निकलते हैं जो हवा को प्रदूषित करते हैं। फसल अवशेष को न जलाने तथा इसके प्रबंधन से संबंधित यंत्रों के प्रयोग के बारे में किसानों को बताया जाएगा साथ ही साथ वासंतिक (रबी) कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–खेत बचाओ अभियान में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, भारत सरकार द्वारा दिनांक 22 अक्टूबर से 30 नवम्बर, 2026 तक राष्ट्रव्यापी "खेत बचाओ अभियान" भी साथ में आयोजित किया जाए।

इस कार्यक्रम में उर्वरकों के विवेकपूर्ण उपयोग, प्राकृतिक खेती तथा अन्य सतत् कृषि उपायों के प्रति किसानों एवं नागरिकों में जागरूकता और जन भागीदारी बढ़ाना है।

Scanned with OKEN Scanner

2. **कार्यक्रम का उद्देश्य**– वासंतिक (रबी) कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–खेत बचाओ अभियान के प्रमुख उद्देश्य निम्नलिखित है–

2.1. कृषि विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों को किसानों तक पहुँचाना।

2.2. आत्मा योजना अंतर्गत आयोजित किए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रमुख राष्ट्रीय विषयों यथा फसल विविधिकरण, डिजिटल एग्रिकल्चर, हाई वेल्यू एग्रिकल्चर, प्राकृतिक खेती, दलहनी एवं तेलहनी फसल, उर्वरक के संतुलित उपयोग, मृदा स्वास्थ्य, उद्यानिक फसल, समेकित कृषि प्रणाली एवं यांत्रिकरण आदि को प्राथमिकता के रूप में सम्मिलित कर कार्यक्रमों को आयोजित किया जाना है।

2.3. जागरूकता कार्यक्रमों, किसान संवाद, खेत प्रदर्शन तथा स्थानीय अभियानों के माध्यम से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जाय साथ–ही–साथ व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाय। उर्वरकों के विवेकपूर्ण एवं संतुलित उपयोग उर्वरकों की बिक्री एवं उपलब्धता पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जाय। यूरिया/डी.ए.पी. की अधिक खपत वाले जिलों में उर्वरकों की कालाबाजारी, जमाखोरी एवं दुरूपयोग को रोकने हेतु प्रवर्तन व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाय। वैकल्पिक उर्वरकों एवं संतुलित पोषक प्रबंधन पद्वतियों के उपयोग हेतु व्यापक जन–जागरूकता अभियान चलाए जाएँ, जैसे कि यूरिया/डी.ए.पी. के विकल्प के रूप में एन.पी.के. एवं एस.एस.पी. के उपयोग को बढ़ावा देना, साथ ही जैव उर्वरक, नैनो उर्वरक, जैविक खाद एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों के उपयोग एवं प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करना।

2.4. कृषि क्षेत्र में किसानों के समस्याओं की जानकारी प्राप्त करना एवं उनके समस्याओं का समाधान करना।

2.5. फसल अवशेष प्रबंधन हेतु किसानों के बीच पराली नहीं जलाने के संबंध में जागरूकता।

2.6. फसल विविधीकरण एवं मोटे अनोज (मिलेट्स) को बढ़ावा दिए जाने के बारे में किसानों को जानकारी उपलब्ध कराना।

2.7. कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्र में नवीनतम तकनीकी जानकारी कृषि वैज्ञानिकों/विशेषज्ञों एवं प्रसार पदाधिकारियों के माध्यम से किसानों के बीच पहुँचाना।

2.8. कृषि विभाग अंतर्गत योजनाओं में विभिन्न फसलों, फल, फूल, सब्जी आदि से संबंधित क्लस्टर में किये जा रहे खेती करने वाले किसानों को योजनाओं एवं नवीनतम तकनीकी की जानकारी दिये जाने तथा विभिन्न फसलों की उत्पादकता में वृद्धि के साथ–साथ विपणन समस्याओं का समाधान।

3. विभिन्न फसलों के उत्पादकता एवं उत्पादन बढ़ाने के लिए मिट्टी जाँच के आधार पर संतुलित मात्रा में उर्वरकों का प्रयोग, समय से फसल की बुवाई, फफुँदनाशी एवं कीटनाशी से बीजोपचार, सिंचाई के लिए जल प्रबंधन, खरपतवार नियंत्रण, दीमक एवं चूहा नियंत्रण, समेकित कीट प्रबंधन तथा समेकित पोषक तत्व प्रबंधन आदि के बारे में किसानों को जानकारी उपलब्ध कराना।

4. कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों के संबंध में किसानों को जानकारी देना तथा किसानों से ऑन–लाईन आवेदन कराया जाना।

5. बागवानी फसलों विशेषकर सब्जियों के जैविक उत्पादन पर विशेष रूप से किसानों को प्रोत्साहित करना।

6. वासंतिक (रबी) मौसम में लगाये जाने वाले फसलों में कीट व्याधि का नियंत्रण एवं प्रबंधन से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराना।

7. इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित करना।

Scanned with OKEN Scanner

8. **कार्यक्रम का विवरण–** कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–खेत बचाओ अभियान पूरे राज्य में एक सघन अभियान के रूप में चलाया जाएगा। राज्य के सभी जिलों के प्रत्येक प्रखण्ड के सभी ग्राम पंचायतों में दिनांक 22.10.2026 से 30.11.2026 के बीच कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–खेत बचाओ अभियान का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, कृषि समन्वयक, पौधा संरक्षण पर्यवेक्षक, सहायक तकनीकी प्रबंधक, किसान सलाहकार एवं कामदार तथा कृषि विभाग के पंचायत एवं प्रखंड स्तर के कर्मी भाग लेंगे। इसमें कृषि विज्ञान केन्द्रों के वैज्ञानिकों तथा नवाचार एवं क्लस्टर में खेती करने वाले किसानों को आमंत्रित किया जाएगा एवं उनका सहयोग प्राप्त किया जाएगा। परियोजना निदेशक, आत्मा द्वारा जिला कृषि पदाधिकारी, उप निदेशक, भूमि संरक्षण, सहायक निदेशक, उद्यान/पौधा संरक्षण तथा वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृषि विज्ञान केन्द्र की सहमति से एक कार्ययोजना/कार्यक्रम इस प्रकार तैयार किया जाएगा कि जिले के सभी ग्राम पंचायतों को इस निर्धारित अवधि में आच्छादित किया जाये। कार्ययोजना में तिथिवार पंचायतवार प्रसार पदाधिकारियों/कर्मियों को सम्बद्ध करते हुए इसके आयोजन हेतु प्राधिकृत किया जाएगा। जिला के द्वारा कार्ययोजना की एक प्रति निदेशक, बामेती को उपलब्ध कराई जाएगी।

   कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–खेत बचाओ अभियान में अधिक से अधिक किसानों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु व्यापक प्रचार–प्रसार एवं जागरूकता की जवाबदेही उस पंचायत के लिए प्राधिकृत प्रसार कर्मी दल यथा प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, कृषि समन्वयक, सहायक तकनीकी प्रबंधक एवं किसान सलाहकार आदि की होगी। कार्यक्रम की समाप्ति के बाद फलाफल से सम्बंधित प्रतिवेदन परियोजना निदेशक, आत्मा द्वारा निदेशक, बामेती को निर्धारित प्रपत्र में उपलब्ध कराया जाएगा।

9. **कार्यक्रम की व्यवस्था**–इस योजना के सर्वोच्च नियंत्री पदाधिकारी निदेशक, बामेती, बिहार, पटना के द्वारा योजना प्रगति की समीक्षा की जाएगी तथा समय–समय पर प्रगति प्रतिवेदन कृषि विभाग के उच्चाधिकारियों को उपलब्ध करायी जाएगी। योजना का कार्यान्वयन बिहार वित्तीय नियमावली के सुसंगत प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जाएगा। कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–खेत बचाओ अभियान के आयोजन की सम्पूर्ण जवाबदेही संबंधित जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना निदेशक, आत्मा द्वारा कार्यक्रम की व्यवस्था की जाएगी। इस कार्यक्रम में खर्च होने वाली राशि का व्यय आत्मा योजना अंतर्गत कैफेटेरियॉ ऑफ एक्टिविटिज B-2c "जिला के अन्दर प्रशिक्षण" मद से किया जाएगा।

10. **कार्यक्रम का अनुश्रवण–** पंचायत स्तर पर अनुश्रवण नामित पंचायत नोडल पदाधिकारी के द्वारा, प्रखण्ड स्तर पर अनुश्रवण नामित जिला स्तरीय नोडल पदाधिकारी द्वारा एवं जिला स्तर पर अनुश्रवण जिला कृषि पदाधिकारी एवं परियोजना निदेशक, आत्मा, प्रमंडल स्तर पर अनुश्रवण प्रंमडलीय संयुक्त निदेशक (शष्य) एवं राज्य स्तर पर अनुश्रवण निदेशक, बिहार कृषि प्रबंधन एवं प्रसार प्रशिक्षण संस्थान (बामेती), पटना द्वारा किया जाएगा। उक्त कार्य का प्रतिदिन आयोजित कार्यक्रम का विकास एप पर निरीक्षण प्रतिवेदन में Photo Geotaged एवं प्रतिवेदन प्राप्त किये जाने हेतु बामेती स्तर से श्री रूपेश कुमार लोहानी, उप निदेशक (सूचना तकनीक), बामेती, पटना एवं बामेती स्तर से प्रतिवेदन प्राप्त किए जाने हेतु सहायक निदेशक (शष्य) एवं प्रखंड कृषि पदाधिकारी, बामेती के द्वारा प्रतिवेदन प्राप्त किया जाएगा। कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–खेत

Scanned with OKEN Scanner

बचाओ अभियान का समेकित प्रतिवेदन निदेशक, बामेती के द्वारा राज्य नोडल पदाधिकारी, आत्मा योजना को उपलब्ध कराया जाएगा।

11. अन्य निदेश –

- प्रत्येक दिन दो कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–खेत बचाओ अभियान एक प्रखंड के दो ग्राम पंचायतो में आयोजित किया जाएगा। यह ध्यान रखा जाए कि यदि ग्राम पंचायत के जिस गाँव में कृषि विभाग अंतर्गत योजनाओं में विभिन्न फसलों, फल, फूल, सब्जी आदि से संबंधित क्लस्टर/फसल प्रत्यक्षण खेती वाले गाँव को प्राथमिकता देते हुए कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–खेत बचाओ अभियान का आयोजन किया जाएगा। कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–खेत बचाओ अभियान में प्रसार पदाधिकारी/कर्मियों के द्वारा किसानों के साथ वार्तालाप एवं नवीनतम तकनीकी से संबंधित जानकारी के साथ–साथ विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी दिया जायेगा। इसमें यथा संभव कृषि वैज्ञानिकों को भी आमंत्रित किया जाएगा।
- प्रत्येक कार्यक्रम 04 घंटे का होगा किसानों के साथ वार्तालाप एवं नवीनतम तकनीकी से संबंधित जानकारी के साथ–साथ विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी दिया जायेगा।
- प्रत्येक प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत में कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–खेत बचाओ अभियानएवं आयोजन की जानकारी फ्लैक्स/अन्य प्रचार के माध्यम से दी जाएगी ।
- प्रत्येक पंचायत में आयोजित होने वाले कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–खेत बचाओ अभियान में योजना एवं तकनीकों से संबंधित जानकारी हेतु पम्पलेट/हैण्डबील एवं प्रसार पुस्तिका आदि किसानों के बीच वितरित किया जाएगा।
- कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–खेत बचाओ अभियान में जिला कृषि पदाधिकारी –सह–परियोजना निदेशक, आत्मा तथा अन्य जिला एवं अनुमंडल स्तर के पदाधिकारी आवश्यक रूप से भाग लेंगे। जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा इस संबंध में आदेश निर्गत किया जाएगा।
- कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–खेत बचाओ अभियान के सफलतापूर्वक आयोजन की पूर्ण जवाबदेही जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना निदेशक, आत्मा की होगी जिसका पर्यवेक्षण प्रमंडलीय संयुक्त निदेशक (शष्य) के द्वारा की जाएगी।
- कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–खेत बचाओ अभियान में माननीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने का कार्य जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना निदेशक, आत्मा द्वारा दिया जाएगा जिसकी जबावदेही प्रखंड तकनीकी प्रबंधक एवं कृषि समन्वयक की संयुक्त रूप से होगी।
- प्रत्येक पंचायत में कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–खेत बचाओ अभियान में संबंधित पंचायत स्तरीय प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, कृषि समन्वयक, सहायक तकनीकी प्रबंधक एवं किसान सलाहकार के माध्यम से सरकार की योजनाओं एवं समसामयिक समस्याओं के समाधान से संबंधित जानकारी दी जाएगी।
- कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–खेत बचाओ अभियान के सफलतापूर्वक आयोजन हेतु जिला/अनुमंडल स्तरीय पदाधिकारी को प्रखंड स्तरीय नोडल पदाधिकारी के रूप में नामित करने की जवाबेदही जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना निदेशक, आत्मा की होगी।
- कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–खेत बचाओ अभियान के सफलतापूर्वक आयोजन हेतु प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी यथा प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, प्रखंड उद्यान पदाधिकारी को संबंधित प्रखंड के प्रत्येक पंचायत के लिए तिथिवार नोडल पदाधिकारी नामित

Scanned with OKEN Scanner

किया जाएगा। प्रखंड स्तर के पदाधिकारी प्रतिदिन एक–एक कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–खेत बचाओ अभियान के नोडल पदाधिकारी के रूप में कार्य करेंगे। एक दिन में दो कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–खेत बचाओ अभियान संबंधित प्रखंड के ग्राम पंचायत में आयोजित होंगे।

- दैनिक समाचार पत्रों/अन्य प्रचार माध्यम से कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–खेत बचाओ अभियान की विस्तृत जानकारी प्रकाशित कराने की जवाबदेही जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना निदेशक, आत्मा की होगी।
- प्रत्येक कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–खेत बचाओ अभियान में फीडबैक फार्म के माध्यम से फीडबैक प्राप्त किया जाएगा।
- कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–खेत बचाओ अभियान के आयोजन से पूर्व पंचायत स्तर पर अधिक से अधिक किसानों के बीच प्रचार–प्रसार करने एवं किसानों की भागीदारी सुनिश्चित कराने की जवाबदेही संबंधित पंचायत के किसान सलाहकार, सहायक तकनीकी प्रबंधक, कृषि समन्वयक एवं प्रखंड तकनीकी प्रबंधक की होगी जिसका अनुपालन प्रखंड कृषि पदाधिकारी सुनिश्चित करायेंगे इसका अनुश्रवण करने की जवाबदेही संबंधित प्रखंड के नामित नोडल पदाधिकारी की होगी।
- बारिश या अन्य आकस्मिक/अपरिहार्य स्थिति में कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–खेत बचाओ अभियान का आयोजन यदि नहीं हो पाता है तो उस पंचायत में कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–खेत बचाओ अभियान निर्धारित समयावधि में ही आयोजित किया जाएगा।

Scanned with OKEN Scanner

वासंतिक (रबी) कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–खेत बचाओ अभियान –2026 के लिए किसानों से प्राप्त फीडबैक का प्रारूप

किसान का नाम – ..... पिता/पति का नाम .....
ग्राम – ..... पंचायत ..... प्रखंड ..... जिला – ....., राज्य– बिहार,
मोबाईल नम्बर .....।

वित्तीय वर्ष 2026–27 में वासंतिक (रबी) मौसम में कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–खेत बचाओ अभियान का आयोजन दिनांक 22.10.2026 से 30.11.2026 के बीच किया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–खेत बचाओ अभियान का आयोजन पंचायत स्तर पर किया जा रहा है जिसमें मुख्य रूप से पंचायत से प्रगतिशील किसानों/महिलाओं को आधुनिक तकनीकों की जानकारी हेतु कृषि विभाग के पदाधिकारियों/प्रसार कर्मियों द्वारा कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी दी जाती है।

किसान के द्वारा वासंतिक (रबी) कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–विकसित कृषि संकल्प अभियान–2026 कार्यक्रम के बारे में फीडबैक प्राप्त करने के लिए निम्न जानकारियाँ अपेक्षित है जिसके आधार पर जिला स्तर से एक समेकित प्रतिवेदन तैयार कर बामेती को उपलब्ध कराया जाएगा ताकि राज्य के हित के लिए योजनाओं का प्रारूप तैयार किया जा सकेगा–

1. कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–खेत बचाओ अभियान कार्यक्रम किसान भाईयों के लिए लाभप्रद है अथवा नहीं। यदि है तो कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–खेत बचाओ अभियान के बारे में अपना मंतव्य दें।

2. कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–खेत बचाओ अभियान में पदाधिकारियों/प्रसार कर्मियों द्वारा योजनाओं की जानकारी दी जाती है अथवा नहीं। यदि योजनाओं की जानकारी दी जाती है तो इसके संबंध में अपना मंतव्य दें।

3. कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–खेत बचाओ अभियान के दौरान योजनाओं की क्या जानकारी दी गई इसपर अपना मंतव्य दें।

4. कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–खेत बचाओ अभियान को और अधिक प्रभावकारी बनाने के लिए कोई टिप्पणी एवं सुझाव हो तो अपना मंतव्य दे।

किसान का हस्ताक्षर
मोबाईल नं0–
पत्ता–

Scanned with OKEN Scanner

कार्यालय–कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण(आत्मा),सारण।

वासंतिक (रबी) मौसम 2026 में दिनांक 22.10.2026 से 30.11.2026 के बीच आयोजित कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–खेत बचाओ अभियान कार्यक्रम विवरणी:–

क्र0 सं0	प्रखंड का नाम	पंचायत का नाम	राजस्व ग्राम	आयोजन स्थल का नाम	आयोजन की तिथि/समय 08 बजे पू0 से 12 बजे मध्याह्न एंव 01:00 बजे अपराह्न से 05:00 अपराह्न तक	किसान चौपाल के सफल आयोजन कराने की जवाबदेही	प्रखंड स्तरीय नोडल पदाधिकारी	जिला स्तरीय प्रखंड नोडल पदाधिकारी का नाम, पदनाम एवं मोबाईल सं0
1	रिविलगंज	इनई	इनई	काली स्थान, इनई	27.10.2026	प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी,प्रखंड तकनीकी प्रबंधक,संबंधित पंचायत के कृषि समन्वयक,सहायक तकनीकी प्रबंधक एवं किसान सलाहकार	श्री रिपुन्जय कुमार, प्र0त0प्र0(प्रमारी), मो0सं0–9097235695	श्री लक्ष्मीकांत सिंह, जिला कृषि विपणन पदाधिकारी –सह– विशेष पदाधिकारी, सारण, छपरा। मो0–9470813791
2	रिविलगंज	दखीनवारी चक्की	दखीनवारी चक्की	सरपंच कार्यालय	28.10.2026		श्री रिपुन्जय कुमार, प्र0त0प्र0(प्रमारी), मो0सं0–9097235695	
3	रिविलगंज	मुकरेड़ा	मेथवलिया	पंचायत भवन	30.10.2026		श्री रिपुन्जय कुमार, प्र0त0प्र0(प्रमारी), मो0सं0–9097235695	
4	रिविलगंज	टेकनिवास	देवरिया	पंचायत भवन देवरिया	31.10.2026		श्री रिपुन्जय कुमार, प्र0त0प्र0(प्रमारी), मो0सं0–9097235695	
5	रिविलगंज	कचनार	कचनार	पंचायत भवन	02.11.2026		श्री रिपुन्जय कुमार, प्र0त0प्र0(प्रमारी), मो0सं0–9097235695	
6	रिविलगंज	खैरवार	खैरवार	औघर बाबा स्थान	03.11.2026		श्री रिपुन्जय कुमार, प्र0त0प्र0(प्रमारी), मो0सं0–9097235695	
7	रिविलगंज	मोहब्बत परसा	रामपुर	काली स्थान, रामपुर	04.11.2026		श्री रिपुन्जय कुमार, प्र0त0प्र0(प्रमारी), मो0सं0–9097235695	
8	रिविलगंज	दिलियारहिमपुर	जानटोला	जानटोला	05.11.2026		श्री रिपुन्जय कुमार, प्र0त0प्र0(प्रमारी), मो0सं0–9097235695	
9	रिविलगंज	सिताब दियारा	छोटका बैजुटोला	छोटका बैजुटोला	06.11.2026		श्री रिपुन्जय कुमार, प्र0त0प्र0(प्रमारी), मो0सं0–9097235695	

उप परियोजना
निदेशक,आत्मा,सारण।

जिला कृषि
पदाधिकारी–सह–परियोजना
निदेशक,आत्मा,सारण।

kharifCHOUPAL

Scanned with OKEN Scanner

कार्यालय–कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण(आत्मा),सारण।

वासंतिक (रबी) मौसम 2026 में दिनांक 26.10.2026 से 30.11.2026 के बीच आयोजित कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–खेत बचाओ अभियान कार्यक्रम विवरणी:–

क्र0 सं0	प्रखंड का नाम	पंचायत का नाम	राजस्व ग्राम	आयोजन स्थल का नाम	आयोजन की तिथि / समय 08 बजे पू0 से 12 बजे मध्याह्न एंव 01:00 बजे अपराह्न से 05:00 अपराह्न तक	किसान चौपाल के सफल आयोजन कराने की जवाबदेही	प्रखंड स्तरीय नोडल पदाधिकारी	जिला स्तरीय प्रखंड नोडल पदाधिकारी का नाम, पदनाम एवं मोबाईल सं0
1	मांझी	मोहम्मदपुर	मजनपुरा	पंचायत कृषि कार्यालय	27.10.2026	प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक,संबंधित पंचायत के कृषि समन्वयक,सहायक तकनीकी प्रबंधक एवं किसान सलाहकार	ओमप्रकाश गुप्ता (स0त0प्र0) मो0–7761960507	श्री भानु प्रकाश, अनुमण्डल कृषि पदाधिकारी, सदर छपरा मो0–8228072778
2	मांझी	भजौना नचाप	पोखर भिण्डा	पोखर भिण्डा मन्दिर			सुश्री प्रतिमा कुमारी प्र0त0प्र0,मो0सं0–9507825127	
3	मांझी	भलुआ बुजुर्ग	खानपुर	लालोदेही मन्दिर	28.10.2026		श्री ब्रजकिशोर चरण, प्र0कृ0पदा0,मो0सं0–9430565911	
4	मांझी	चेफूल	चेफूल	इन्यातपुर			ओमप्रकाश गुप्ता (स0त0प्र0) मो0–7761960507	
5	मांझी	मटीयार	बंगरा	खजुहटी के डेरा	29.10.2026		सुश्री प्रतिमा कुमारी प्र0त0प्र0,मो0सं0–9507825127	
6	मांझी	मुबारकपुर	रेवड़	ब्रहमस्थान के पास			श्री ब्रजकिशोर चरण, प्र0कृ0पदा0,मो0सं0–9430565911	
7	मांझी	गोबरही	जमनपुरा	जमनपुरा	30.10.2026		ओमप्रकाश गुप्ता (स0त0प्र0) मो0–7761960507	
8	मांझी	ताजपुर	ताजपुर	कालीस्थान			सुश्री प्रतिमा कुमारी प्र0त0प्र0,मो0सं0–9507825127	
9	मांझी	शीतलपुर	शीतलपुर	बड़का कोरवा	31.10.2026		श्री ब्रजकिशोर चरण, प्र0कृ0पदा0,मो0सं0–9430565911	
10	मांझी	घोरहट	घोरहट	पंचायत भवन			ओमप्रकाश गुप्ता (स0त0प्र0) मो0–7761960507	
11	मांझी	डुमरी	डुमरी	डुमरी मठियॉ	02.11.2026		सुश्री प्रतिमा कुमारी प्र0त0प्र0,मो0सं0–9507825127	
12	मांझी	बरेजा	बरेजा	बरेजा मठियॉ			श्री ब्रजकिशोर चरण, प्र0कृ0पदा0,मो0सं0–9430565911	

Scanned with OKEN Scanner

13	मांझी	जैतपुर	नौवाटोला	मुखियाजी के घर के पास	03.11.2026	ओमप्रकाश गुप्ता (स0त0प्र0) मो0–7761960507	श्री भानु प्रकाश, अनुमण्डल कृषि पदाधिकारी, सदर छपरा मो0–8228072778
14	मांझी	लेजुआर	सिसवन बुजुर्ग	कालीस्थान		हितेश सिंह स0त0प्र0,मो0सं0–9451327662 / 8340648647	
15	मांझी	मरहा	नटवर गोपी	नटवर गोपी	04.11.2026	श्री ब्रजकिशोर चरण, प्र0कृ0पदा0,मो0सं0–9430565911	
16	मांझी	बलेसरा	बनियापुर	ब्रहमस्थान के पास		ओमप्रकाश गुप्ता (स0त0प्र0) मो0–7761960507	
17	मांझी	नासीरा	नसीरा	नसीरा	05.11.2026	हितेश सिंह स0त0प्र0,मो0सं0–9451327662 / 8340648647	
18	मांझी	दाउदपुर	दुमदुमा	शिवमंदिर दुमदुमा के नजदीक		श्री ब्रजकिशोर चरण, प्र0कृ0पदा0,मो0सं0–9430565911	
19	मांझी	इनाइतपुर	बरमाबुर्जुग	सामुदायिक भवन बरमाबुर्जुग	06.11.2026	ओमप्रकाश गुप्ता (स0त0प्र0) मो0–7761960507	
20	मांझी	सोनबरसा	सोनबरसा के टोला	सानबरसा के टोला		हितेश सिंह स0त0प्र0,मो0सं0–9451327662 / 8340648647	
21	मांझी	बंगरा	बंगरा	3 नं0 वार्ड	11.11.2026	श्री ब्रजकिशोर चरण, प्र0कृ0पदा0,मो0सं0–9430565911	
22	मांझी	मदनसाठ	कबीरपार	मठियॉ		ओमप्रकाश गुप्ता (स0त0प्र0) मो0–7761960507	
23	मांझी	मांझी पूर्वी	मॉझी पूर्वी	पंचायत भवन	12.11.2026	हितेश सिंह स0त0प्र0,मो0सं0–9451327662 / 8340648647	
24	मांझी	मांझी पश्चिमी	मांझी पश्चिमी	पंचायत भवन		श्री ब्रजकिशोर चरण, प्र0कृ0पदा0,मो0सं0–9430565911	
25	मांझी	कौरू–धौरू	गुरदाहा काला	मनरेगा भवन	13.11.2026	ओमप्रकाश गुप्ता (स0त0प्र0) मो0–7761960507	

21/10/26
उप परियोजना निदेशक,
आत्मा,सारण।

जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना
निदेशक,आत्मा,सारण।

Scanned with OKEN Scanner

कार्यालय–कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण(आत्मा),सारण।

वासंतिक (रबी) मौसम 2026 में दिनांक 26.10.2026 से 30.11.2026 के बीच आयोजित कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–खेत बचाओं अभियान कार्यक्रम विवरणी:–

क्र0 सं0	प्रखंड का नाम	पंचायत का नाम	ग्राम	आयोजन स्थल का नाम	आयोजन की तिथि/समय 08 बजे पू0 से 12 बजे मध्याह्न एंव 01:00 बजे अपराह्न से 05:00 अपराह्न तक	किसान चौपाल के सफल आयोजन कराने की जवाबदेही	प्रखंड स्तरीय नोडल पदाधिकारी	जिला स्तरीय प्रखंड नोडल पदाधिकारी का नाम, पदनाम एवं मोबाईल सं0
1.	परसा	भोमेपुर	बसंतपुर	पंचायत भवन,	26.10.2026	प्रखंड कृषि पदाधिकारी,प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, संबंधित पंचायत के कृषि समन्वयक,सहायक तकनीकी प्रबंधक एवं किसान सलाहकार	राकेश कुमार त्रिवेदी प्र0त0 प्र0 मो0–6200367305	श्री सुधीर कुमार तिवारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, सारण मो0–8707722839
2	परसा	पचरूखी	जगरनाथपुर	मध्य विद्यालय	27.10.2026			
3	परसा	भेल्दी	यादवपुर	ब्रहमस्थान				
4	परसा	पचलख	पचलख	पंचायत सरकार भवन, पचलख	29.10.2026		गौतम कुमार गौरव मो0–9097887997	
5	परसा	चान्दपुरा	कुआरी आदम	हरिनारायण मंदिर				
6	परसा	सगुनी	श्रीरामपुर	पंचायत भवन, सगुनी	30.10.2026			
7	परसा	परसौना	परसौना	पंचायत भवन के बगल में, परसौना	31.10.2026			
8	परसा	अंजनी	अंजनी	पंचायत भवन, अंजनी	02.11.2026		सुश्री शिखा भारती मो0–8789556087	
9	परसा	शंकरडीह	चेतनपरसा	सोनी देवी के द्वार पर	03.11.2026			
10	परसा	अन्याय	ब्रहमपुर	पंचायत भवन	04.11.2026			
11	परसा	बनैता	बनौता	पैक्स गोदाम	05.11.2026			
12	परसा	मारड़	दिघरा	शंभु सिंह के दलान पर	06.11.2026		राकेश कुमार त्रिवेदी प्र0त0 प्र0 मो0–6200367305	
13	परसा	बहर मारड़	बनकेरवा	बनकेरवा स्कुल के पास	11.11.2026			
14	परसा	बलिगॉव	बंदी छपरा	बलिन्द्र सिंह के दलान पर				

उप परियोजना
निदेशक,आत्मा,सारण।

जिला कृषि
पदाधिकारी–सह–परियोजना
निदेशक,आत्मा,सारण।

kharifCHOUPAL 202

Scanned with OKEN Scanner

कार्यालय–कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण(आत्मा),सारण।

वासंतिक (रबी) मौसम 2026 में दिनांक ~~22~~ 26.10.2026 से 30.11.2026 के बीच आयोजित कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–खेत बचाओ अभियान कार्यक्रम विवरणी:–

क्र0 सं0	प्रखंड का नाम	पंचायत का नाम	राजस्व ग्राम	आयोजन स्थल का नाम	आयोजन की तिथि/समय 08 बजे पू0 से 12 बजे मध्याह्न एंव 01:00 बजे अपराह्न से 05:00 अपराह्न तक	किसान चौपाल के सफल आयोजन कराने की जवाबदेही	प्रखंड स्तरीय नोडल पदाधिकारी	जिला स्तरीय प्रखंड नोडल पदाधिकारी का नाम, पदनाम एवं मोबाईल सं0
1	सदर छपरा	नैनी	नैनी	पंचायत भवन/ पंचायत कृषि कार्यालय	26.10.2026	प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, संबंधित पंचायत के कृषि समन्वयक,सहायक तकनीकी प्रबंधक एवं किसान सलाहकार	श्री आनन्द कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, मो0सं0–78973601801	श्री विद्योतमा विदुशी, सहायक निदेशक(शष्य), बीज विश्लेषण प्रयोगशाला, मो0–9241533048
2	सदर छपरा	फकुली	जटुआ	मिडिल स्कुल जटुआ			श्री रविप्रकाश सिंह, प्र0त0प्र0,मो0सं0–7004415043	
3	सदर छपरा	करिंगा	रतनपुरा	प्राथमिक विधालय, रतनपुरा	27.10.2026		श्री रविप्रकाश सिंह, प्र0त0प्र0,मो0सं0–7004415043	
4	सदर छपरा	साढा	मेथवलिया	मन्दिर के पास, मेथवलिया			श्री रविप्रकाश सिंह, प्र0त0प्र0,मो0सं0–7004415043	
5	सदर छपरा	मौना	जमुना	पं0 भवन/पं0कृषि कार्या0	28.10.2026		श्री रविप्रकाश सिंह, प्र0त0प्र0,मो0सं0–7004415043	
6	सदर छपरा	तेनुआ	तेनुआ	पंचायत भवन/ पंचायत कृषि कार्यालय			श्री आनन्द कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, मो0सं0–78973601801	
7	सदर छपरा	बदलूटोला	बदलूटोला	पंचायत भवन	29.10.2026		श्री रविप्रकाश सिंह, प्र0त0प्र0,मो0सं0–9451512577	
8	सदर छपरा	लोहरी	लोहरा	लोहरा चबूतरा के पास			श्री रविप्रकाश सिंह, प्र0त0प्र0,मो0सं0–9451512577	
9	सदर छपरा	पूर्वी तेलपा	मेहियॉ	प्राथमिक विधालय, मेहियॉ	30.10.2026		श्री आनन्द कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, मो0सं0–78973601801	
10	सदर छपरा	शेरपुर	घेघटा	प्राथमिक विधालय, घेघटा			श्री रविप्रकाश सिंह, प्र0त0प्र0,मो0सं0–7004415043	

kharifCHOUPAL 2026
kharifCHOUPAL 2026

Scanned with OKEN Scanner

11	सदर छपरा	विष्णुपुरा	विष्णुपुरा	पंचायत भवन	31.10.2026	प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, संबंधित पंचायत के कृषि समन्वयक,सहायक तकनीकी प्रबंधक एवं किसान सलाहकार	श्री रविप्रकाश सिंह, प्र0त0प्र0,मो0सं0–7004415043	श्री विद्योतमा विदुशी, सहायक निदेशक(शष्य), बीज विश्लेषण प्रयोगशाला, मो0–9241533048
12	सदर छपरा	खलपुरा बाला	खलपुरा	पंचायत भवन			श्री आनन्द कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, मो0सं0–78973601801	
13	सदर छपरा	महराजगंज	महराजगंज	पंचायत कृषि कार्यालय	02.11.2026		श्री रविप्रकाश सिंह, प्र0त0प्र0,मो0सं0–7004415043	
14	सदर छपरा	चिरांद	फूलचक	सरकारी भवन			श्री रविप्रकाश सिंह, प्र0त0प्र0,मो0सं0–7004415043	
15	सदर छपरा	जलालपुर	काजीपुर	पंचायत भवन	03.11.2026		श्री आनन्द कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, मो0सं0–78973601801	
16	सदर छपरा	भैरोपुर निजमत	भैरोपुर	महारानी मंदिर के पास			श्री रविप्रकाश सिंह, प्र0त0प्र0,मो0सं0–7004415043	
17	सदर छपरा	डुमरी	डुमरी	पंचायत भवन	04.11.2026		श्री रविप्रकाश सिंह, प्र0त0प्र0,मो0सं0–7004415043	
18	सदर छपरा	मुसेपुर	कंशदियरा	प्राथमिक विघालय			श्री आनन्द कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, मो0सं0–78973601801	
19	सदर छपरा	रायपुर बिनगांवा	रायपुर बिनगांवा	सार्वजनिक चबूतरा	05.11.2026		श्री रविप्रकाश सिंह, प्र0त0प्र0,मो0सं0–7004415043	
20	सदर छपरा	कोतवा पट्टी रामपुर	चकियॉ	प्राथमिक विघालय			श्री रविप्रकाश सिंह, प्र0त0प्र0,मो0सं0–7004415043	
21	सदर छपरा	बड़हरा महाजी	महाजी	प्राथमिक विघालय	06.11.2026		श्री आनन्द कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, मो0सं0–78973601801	

21/10/25
उप परियोजना
निदेशक,आत्मा,सारण।

21-10-25
जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजन
निदेशक,आत्मा,सारण।

kharifCHOUI

Scanned with OKEN Scanner

कार्यालय–कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण(आत्मा),सारण।

वासंतिक (रबी) मौसम 2026 में दिनांक 26.10.2026 से 30.11.2026 के बीच आयोजित कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–खेत बचाओं अभियान कार्यक्रम विवरणी:–

क्र0सं0	प्रखंड का नाम	पंचायत का नाम	राजस्व ग्राम	आयोजन स्थल का नाम	आयोजन की तिथि/समय 08 बजे पू0 से 12 बजे मध्याह्न एंव 01:00 बजे अपराह्न से 05:00 अपराह्न तक	किसान चौपाल के सफल आयोजन कराने की जवाबदेही	प्रखंड स्तरीय नोडल पदाधिकारी	जिला स्तरीय प्रखंड नोडल पदाधिकारी का नाम, पदनाम एवं मोबाईल सं0
1	इसुआपुर	रामपुर अटौली	डोइला	मौली बाजार	26.10.2026	प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक,संबंधित पंचायत के कृषि समन्वयक,सहायक तकनीकी प्रबंधक एवं किसान सलाहकार	पिंटु कुमार मॉझी (स0त0प्र0) मो0–7979846087	श्री कुमार ऋषि रंजन, अनुमण्डल कृषि पदाधिकारी, मढ़ौरा मो0–9031645876
2	इसुआपुर	लाउवा	मड़वा हराजी	मुरवा			श्री उत्पलकांत,प्र0त0प्र0 ,मो0–8765476556	
3	इसुआपुर	इसुआपुर	मानपुर सौली	पैक्स गोदाम	27.10.2026		पिंटु कुमार मॉझी (स0त0प्र0) मो0–7979846087	
4	इसुआपुर	डटरा पुरसौली	प्यारेपुर	प्यारेपुर			श्री पिन्टू कुमार,स0त0प्र0 ,मो0सं0–8660552860	
5	इसुआपुर	रामचौड़ा	उसरी कला	श्री कला राम चौड़ा	28.10.2026		श्री उत्पलकांत,प्र0त0प्र0 ,मो0–8765476556	
6	इसुआपुर	छापिया	डिहछपिया	पंचायत भवन छपिया	30.10.2026		श्री पिन्टू कुमार,स0त0प्र0 ,मो0सं0–8660552860	
7	इसुआपुर	जैथार	जयथर	बजरहिया पंचायत भवन	31.10.2026		पिंटु कुमार मॉझी (स0त0प्र0) मो0–7979846087	
8	इसुआपुर	चकहन	चकहन	चकहन पुस्तकालय	02.11.2026		श्री पिन्टू कुमार,स0त0प्र0 ,मो0सं0–8660552860	
9	इसुआपुर	केरवा	परसा	केरवा पंचायत भवन	03.11.2026		श्री उत्पलकांत,प्र0त0प्र0 ,मो0–8765476556	
10	इसुआपुर	अगौथार सुन्दर	महुली	पंचायत भवन	04.11.2026		श्री पिन्टू कुमार,स0त0प्र0 ,मो0सं0–8660552860	
11	इसुआपुर	अटानगर	गंगोई	गंगोई	05.11.2026		पिंटु कुमार मॉझी (स0त0प्र0) मो0–7979846087	
12	इसुआपुर	निपनिया	टेढ़ा	पंचायत भवन	06.11.2026		श्री उत्पलकांत,प्र0त0प्र0 ,मो0–8765476556	
13	इसुआपुर	सहवा	नवादा	पंचायत भवन	11.11.2026		श्री पिन्टू कुमार,स0त0प्र0 ,मो0सं0–8660552860	

21/10/26
उप परियोजना निदेशक,
आत्मा,सारण।

21.10.26
जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना
निदेशक,आत्मा,सारण।

Scanned with OKEN Scanner

कार्यालय–कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण(आत्मा),सारण।

वासंतिक (रबी) मौसम 2026 में दिनांक 26.10.2026 से 30.11.2026 के बीच आयोजित कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–खेत बचाओं अभियान कार्यक्रम विवरणी:–

क्र0 सं0	प्रखंड का नाम	पंचायत का नाम	राजस्व ग्राम	आयोजन स्थल का नाम	आयोजन की तिथि/समय 08 बजे पू0 से 12 बजे मध्याह्न एंव 01:00 बजे अपराह्न से 05:00 अपराह्न तक	किसान चौपाल के सफल आयोजन कराने की जवाबदेही	प्रखंड स्तरीय नोडल पदाधिकारी	जिला स्तरीय प्रखंड नोडल पदाधिकारी का नाम, पदनाम एवं मोबाईल सं0
1	दिघवारा	झौवा	झौवा	पंचायत कृषि कार्यालय	26.10.2026	प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक,संबंधित पंचायत के कृषि समन्वयक,सहायक तकनीकी प्रबंधक एवं किसान सलाहकार	श्रीमती नूतन निवेदिता, प्रभारी प्र0कृ0पदा0,मो0सं0–7281894500	श्रीमती प्रदीप्ता कुमारी, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, सोनपुर मो0–9534581569
2	दिघवारा	हराजी	पकवलिया	पंचायत कृषि कार्यालय	27.10.2026		श्रीमती नूतन निवेदिता, प्रभारी प्र0कृ0पदा0,मो0सं0–7281894500	
3	दिघवारा	रामपुर आमी	मथुरापुर	पंचायत कृषि कार्यालय बोधा छपरा रामपुर आमी	28.10.2026		श्रीमती नूतन निवेदिता, प्रभारी प्र0कृ0पदा0,मो0सं0–7281894500	
4	दिघवारा	मानपुर	मानपुर	औघर बाबा के पास इसुपुर	29.10.2026		श्रीमती नूतन निवेदिता, प्रभारी प्र0कृ0पदा0,मो0सं0–7281894500	
5	दिघवारा	त्रिलोकचक	केशरपुर	केशरपुर शिव मंदिर के पास	30.10.2026		श्री प्रज्जवल कुमार, स0त0प्र0,मो0सं0–8406854961	
6	दिघवारा	बरूआ	रामदासचक	पंचायत सरकार भवन बरूआ	31.10.2026		श्री मोनू कुमार, सहायक तकनीकी प्रबंधक, मो0–9122690906	
7	दिघवारा	बस्ती जलाल	बस्ती जलाल	पंचायत कृषि कार्यालय	02.11.2026		श्री प्रज्जवल कुमार, स0त0प्र0,मो0सं0–8406854961	
8	दिघवारा	शीतलपुर	शीतलपुर	पंचायत कृषि कार्यालय	03.11.2026		श्रीमती निशू कुमारी, सहायक तकनीकी प्रबंधक, मो0–6205595518	
9	दिघवारा	कुरैया	पगुराहा	समाजिक चबुतरा पगुराहा	04.11.2026		श्री प्रज्जवल कुमार, स0त0प्र0,मो0सं0–8406854961	
10	दिघवारा	अकिलपुर	दुधिया	पंचायत कृषि कार्यालय	05.11.2026		श्रीमती नूतन निवेदिता, प्रभारी प्र0कृ0पदा0,मो0सं0–7281894500	

उप परियोजना निदेशक,
आत्मा,सारण।

जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना
निदेशक,आत्मा,सारण।

Scanned with OKEN Scanner

कार्यालय–कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण(आत्मा),सारण।

वासंतिक (रबी) मौसम 2026 में दिनांक 26.10.2026 से 30.11.2026 के बीच आयोजित कृषि जन कल्याण चौपाल–सह–खेत बचाओ अभियान कार्यक्रम विवरणी:–

क्र0सं0	प्रखंड का नाम	पंचायत का नाम	राजस्व ग्राम	आयोजन स्थल का नाम	आयोजन की तिथि/समय 08 बजे पू0 से 12 बजे मध्याह्न एंव 01:00 बजे अपराह्न से 05:00 अपराह्न तक	किसान चौपाल के सफल आयोजन कराने की जवाबदेही	प्रखंड स्तरीय नोडल पदाधिकारी	जिला स्तरीय प्रखंड नोडल पदाधिकारी का नाम, पदनाम एवं मोबाईल सं0
1	मशरख	चॉद कुदरिया	सुंदर गॉव	हरपुर जान	26.10.2026	प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक,संबंधित पंचायत के कृषि समन्वयक,सहायक तकनीकी प्रबंधक एवं किसान सलाहकार	श्री आशिशानन्द, प्र0कृ0पदा0, मो0–7071595852	श्री कुमार ऋषि रंजन, अनुमण्डल कृषि पदाधिकारी, मढौरा मो0–9031645876
2	मशरख	करण कुदरिया	करण कुदरिया	सिसई पोखरा के पास			श्री संजीव कुमार प्र0त0प्र0,मो0सं0–9304864044	
3	मशरख	डुमरसन	भरदहिया	पदपुर मनरेगा भवन	27.10.2026		श्री आशिशानन्द, प्र0कृ0पदा0, मो0–7071595852	
4	मशरख	अरना	सपही	बलुआ पंचायत भवन			श्री संजीव कुमार प्र0त0प्र0,मो0सं0–9304864044	
5	मशरख	बंगरा	हंसापीर	बंगरा पंचायत भवन	28.10.2026		श्री आशिशानन्द, प्र0कृ0पदा0, मो0–7071595852	
6	मशरख	कवलपुरा	उजौना टोला	हाई स्कुल के पास हरिजन टोली			श्री संजीव कुमार प्र0त0प्र0,मो0सं0–9304864044	
7	मशरख	बहरौली	शेखपुरा	जंगली ब्रहमस्थान बहरोली	29.10.2026		श्री आशिशानन्द, प्र0कृ0पदा0, मो0–7071595852	
